हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, शनिवार 7 फरवरी 2026



11 बीएलओ मतदाता सूची का कार्य गंभीरता से करें





12 चार करोड़ रुपए में दुरूस्त होगी कस्बे की मेन सीवरे




## खबर संक्षेप

### नौ से होगी महिला फुटबॉल चैंपियनशिप

**भिवानी।** चौधरी बंसी लाल विवि द्वारा नॉर्थ जोन अंतर विश्वविद्यालय महिला फुटबॉल चैंपियनशिप 2025-26 का आयोजन 09 फरवरी से 13 फरवरी तक अलखपुरा में करवाया जाएगा । यह जानकारी विश्वविद्यालय के डीन स्पोर्ट्स डॉ. सुरेश मालिक ने दी है। उन्होंने बताया कि विवि की कुलगुरु प्रो दीप्ति धर्माणी की अध्यक्षता एवं विश्वविद्यालय की खेल परिषद के मार्गदर्शन में इस चैंपियनशिप का आयोजन करवाया जाएगा। डॉ सुरेश मालिक ने बताया कि 08 फरवरी को फुटबॉल क्लब अलखपुरा में सांय चार बजे खेल टीम मैनेजरों की मीटिंग रखी गई है।

### सांसद आज सौंपेंगे ट्रैक्टरों की चाबी

**भिवानी।** प्रदेश के ग्रामीण अंचल में कृषि और विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से 7 फरवरी को भिवानी में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। स्थानीय पंचायत भवन में सुबह 10 बजे आयोजित होने वाले इस समारोह में भिवानी-महेंद्रगढ़ के लोकसभा सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस दौरान वे क्षेत्र की 24 चुनिंदा ग्राम पंचायतों को विकास कार्यों हेतु नए ट्रैक्टर वितरित करेंगे। यह जानकारी पवन लक्ष्मणपुरा ने दी। उन्होंने बताया कि यह पहल केवल मशीनरी का वितरण नहीं है, बल्कि पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास है। वितरित किए जाने वाले ट्रैक्टरों का उपयोग गांवों में स्वच्छता अभियान, निर्माण सामग्री के परिवहन और कृषि संबंधी साझा कार्यों में किया जा सकेगा। इससे पंचायतों की ठेकेदारों या निजी मशीनों पर निर्भरता कम होगी।

# डेढ़ साल से खराब पड़ी है याग लेजर मशीन

## आंखों के जाले की सफाई के लिए मरीजों को करना पड़ता है रोहतक रेफर

**यह है मशीन का काम**

यदि मोतियाबिंद के ऑपरेशन के बाद मरीज को धुंधला दिखाई देता है तो आंखों के जाले की सफाई याग लेजर मशीन से की जाती है





**भिवानी।** डेढ़ साल से खराब पड़ी याग लेजर और मशीन को दुरुस्त करवाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं देने का दावा हकीकत से कोसों परे है। हालात ये बने है कि उतरी भारत में आंखों के ऑपरेशन में नाम कमाने वाले अस्पताल की याग लेजर मशीन डेढ साल से खराब पड़ी है। यहां पर बुजुर्गों की आंखों का मोतियाबिंद की सर्जरी तो कर दी जाती है,लेकिन आंख से अगर धुंधला नजर आता है उस मरीज को आंख के जाले साफ करवाने के लिए रोहतक पीजीआई भेजा जा रहा है। इस कार्य के लिए मरीज को पूरा दिन रोहतक में धक्के खाने पड़ रहे है। बताते है कि इस बारे में कई बार लोगों ने शिकायत की, लेकिन आज तक इस समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। इसी समस्या को लेकर शुक्रवार को जनसंघर्ष समिति भिवानी के कार्यकर्ताओं ने अस्पताल के समक्ष प्रदर्शन किया और अस्पताल इंचार्ज को ज्ञापन भी सौंपा।

जन संघर्ष समिति भिवानी के संयोजक कामरेड ओमप्रकाश, सदस्य महेन्द्र सिंह प्रजापति, जनवादी नौजवान सभा भिवानी के संयोजक अनुराग शर्मा व पूर्व कर्मचारी नेता कंवर सिंह जांगिड़ ने कहा कि आंखों के जालान हस्पताल में सफेद मोतिया ऑपरेशन के बाद पीसीओ जाला साफ करने की मशीन याग लेजर पिछले डेढ़ दो साल से खराब पड़ी है। सफेद मोतिया आप्रेशन के वृद्ध महिला-पुरुष जाला साफ करवाने वास्ते रोहतक मेडिकल कालेज में रैफर करने पड़ रहे हैं, ये हमारे बुजुर्ग लोग बसों में धक्के खाते हैं तथा परेशानी उठाते है। कई बार याग लेजर मशीन ठीक करवाने वास्ते हस्पताल प्रशासन ने विभाग के उच्च अधिकारियों को भी लिख रखा है, परन्तु सरकार व उच्च प्रशासन को गरीबों व वृद्धों की कोई चिन्ता नहीं है। समिति नेताओं ने मांग की है कि यदि शीघ्र याग लेसर को ठीक नहीं करवाया तो उनकी समिति बड़ा प्रदर्शन करेगी। मेडिकल की सुविधा होने के बाद भी सफेद मोतिया जाले साफ करने वास्ते व गंभीर मरीजों को रोहतक रैफर किया जा रहा है। इस प्रदर्शन में, आशा शर्मा, दीपिका, निशू बंसल, अनिता, कर्मचारी नेता नरेश शर्मा, राजबीर कादियान, पूर्व प्रिसीपल ओमप्रकाश जांगिड़, महेन्द्र तंवर, अभिषेक शर्मा, कप्तान कलम सिंह प्रेम नगर व फतेह सिंह स्पोराण शामिल रहे।

### आंख की सफाई जरूरी

आंखों के सफेद मोतिया का ऑपरेशन करने के बाद मरीज को घर भेज दिया जाता है। दो-तीन दिनों बाद मरीज की आंखों की जांच की जाती है और यह देखा जाता है कि उसको कितना साफ दिखाई दे रहा है। अगर धुंधला नजर आता है तो उसकी आंखों की याग लेजर मशीन से जाले की सफाई की जाती है। अगर जाले की सफाई नहीं की जाती तो मरीज को धुंधला ही दिखेगा। जिसके चलते आंखों के जाले की याग लेजर मशीन से सफाई करना निहायत जरूरी है। फिलहाल किशन लाल जालान नेत्र अस्पताल में एक याग लेजर मशीन है,लेकिन वह पिछले डेढ साल से खराब है। जिस वजह से मरीजों की आंखों का ऑपरेशन करने के बाद उनके जाले की सफाई यहां नहीं हो पाती और उनको रोहतक रेफर किया जा रहा है। यहां पर रोजाना एक से दो दर्जन मरीजों की आंखों का ऑपरेशन किया जाता है।

### जल्द ठीक करवाई जाएगी मशीन

प्रदर्शनकारियों ने राज्य की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव को जलान हस्पताल प्रशासन की इंचार्ज डा. रेनू पुनिया के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। इस पर इंचार्ज डॉ. रेणू पुनिया ने बताया कि मशीन खराब है। जल्द ही मशीन को ठीक करवाया जाएगा। इस बारे में विभाग को सूचित किया जा चुका है। जल्द ही आला अधिकारियों के माध्यम से मंत्री कार्यालय तक भिजवाएंगे।



**भिवानी।** गांव में घोड़ी पर बनवारा निकालते हुए। फोटो : हरिभूमि

# धारवानबास में घोड़ी पर निकाला निशा का बाना

■ सुरेंद्र सिंह ने निशा को घोड़ी पर बैठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गांव धारवानबास में एएसआई रामफल सभरवाल ने अपनी बेटी निशा की शादी में उसका घोड़ी पर बैठाकर गाजे-बाजे के साथ धूमधाम के साथ बाना निकाला। इस दौरान ग्रामीण व पारिवार की महिलाओं ने मंगल गीत गाए तथा डीजे पर नृत्य भी किया।

सुरेंद्र सिंह उर्फ रोहतास पुत्र अमरसिंह ने निशा को घोड़ी पर बैठाया। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी 10वीं पास है तथा उसकी शादी 7 फरवरी शनिवार के दिन राजस्थान के जिला चुरू गांव मैहरा निवासी हीरालाल के पुत्र भूपेश के साथ होनी तय हुई है।

**ये रहे मौजूद:** इस खुशी के अवसर पर रेलवे पुलिस से एएसआई रामफल, राजबीर, रोहतास, दयानंद, धर्मबीर मदनलाल, बलबीर थानेदार, रेलवे पुलिस से जगमाल, मा. विजय सिंह, मा. राजेश कुमार,डा. संजीव, डा. संदीप,डा. सोनू,डा. मनीष,डा. सोनू विनय व परिवार के सदस्य, महिलाए व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बिजली पेंशनर्स ने अधिकारियों के प्रति जताया रोष

■ बार-बार मांग पत्र देने पर भी नहीं होता समस्याओं का समाधान

**भिवानी।** हरियाणा बिजली पेंशनर्ज वेलफेयर एसोसिएशन की जिला स्तरीय मासिक बैठक जिला प्रधान बाल मुकंद बापोड़ा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन जिला महासचिव आरके चावला ने किया। बैठक में उपस्थित बिजली पेंशनर्ज ने कहा कि निगम के अधिकारियों का रवैया अड़ियल है बार-बार मांग पत्र देने के बाद भी उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा। उन्होंने बताया कि एसो. की अगली बैठक 6 मार्च को कार्यकारी अभियन्ता शहरी डिविजन के प्रांगण के बाहर की जाएगी। बैठक में मुख्य संरक्षक बी.डी भारद्वाज, केन्द्रीय परिषद के कोषाध्यक्ष जगदीश राय शर्मा, वरिष्ठ उपप्रधान फतेह सिंह श्योराण, रविन्द्र शर्मा ऑडीटर, कोषाध्यक्ष रामअवतार शर्मा आदि मौजूद रहे।

# नगर परिषद गंदगी उठवा कर भेजेगी फोटो


■ लोग सड़कों पर, खाली प्लाटों या गलियों में कूड़ा-कचरा ना डालें

**भिवानी।** यदि कहीं पर गंदगी से संबंधित कोई समस्या है तो नागरिक नगर परिषद प्रशासन द्वारा जारी 8053609453 और 8053609445 पर जगह दर्शा कर गंदगी का फोटो भेज सकते हैं। नगर परिषद कर्मचारियों द्वारा शिकायत से संबंधित स्थान पर पहुंचकर सफाई व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी और सफाई किए हुए स्थान का फोटो संबंधित व्यक्ति के पास भेजा जाएगा। नगर परिषद प्रशासन ने शहर को सुंदर व स्वच्छ बनाने के लिए नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि वे सड़कों पर, खाली प्लाटों या गलियों में इधर-उधर कूड़ा-कचरा ना डालें। जिला नगर आयुक्त गुलजार मलिक ने बताया शहर को सुंदर व स्वच्छ बनाने के लिए सरकुलर रोड़ के अलावा अन्य स्थानों से भी कचरा प्वाइंट समाप्त किए गए हैं।




To locate your nearest store and know more on 8147349242. Buy online at tanishq.co.in or Download our App *Conditions apply.


शोरुम :- विजय नगर, केएम सीनियर सेकेण्डरी स्कूल के पास, हांसी गेट, भिवानी टेली. 77290-93000



# एक्शन-थ्रिलर फिल्म सूबेदार का पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** सूबेदार फिल्म पिछले साल रिलीज होने वाली थी, लेकिन पोस्ट-प्रोडक्शन का काम पूरा ना होने के चलते इसकी रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया गया। इस मूवी में अनिल कपूर और राधिका मदान लीड रोल में नजर आएंगे। यह एक एक्शन-थ्रिलर मूवी है। फिल्म सूबेदार के पोस्टर में अनिल कपूर स्वैग के साथ पंच मारते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस पोस्टर को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म में ताबड़तोड़ एक्शन करेंगे। यह मूवी अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी। हालांकि. अभी इसकी रिलीज डेट सामने नहीं आई है, लेकिन जल्द ही यह फिल्म रिलीज हो सकती है।

लाइफStyle



# यामी
## धुरंधर-2 में एक्शन मोड में देंगी दिखाई

धुरंधर की सक्सेस के बाद अब 'धुरंधर 2' आने वाली है। ये फिल्म मार्च में आएगी और इसमें यामी गौतम का कैमियो होगा। जी हां, ये बात अब कन्फर्म हो गई है। ब्लॉकबस्टर फिल्म 'धुरंधर' के सीक्वल 'धुरंधर द रिवेंज' को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म में रणवीर सिंह के साथ अब एक और बड़ा नाम जुड़ गया है। बॉलीवुड एक्ट्रेस और आदित्य धर की पत्नी यामी गौतम के फिल्म में कास्ट होने की खबर पक्की हो गई है। आइए आपको बताते हैं कि उनका फिल्म में रोल कैसा होगा। फिल्म में यामी का सिर्फ कैमियो होगा, लेकिन कहानी को आगे बढ़ाने में उनका रोल बड़ा अहम होगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक, यामी ने अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है। सूत्रों का कहना है कि 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' और 'आर्टिकल 370' में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवा चुकीं यामी इस फिल्म में एक्शन मोड में दिखाई देंगी। फिल्म से जुड़े सूत्रों का कहना है कि यामी का किरदार फिल्म के नैरेटिव (कहान) को एक नई दिशा देगा। हालांकि, यह एक छोटा रोल है, लेकिन इसे इस तरह से डिजाइन किया गया है कि दर्शक हैरान रह जाएंगे। दिलचस्प बात यह है कि 'उरी' (2019) के करीब 7 साल बाद आदित्य धर और यामी गौतम फिर से साथ में प्रोजेक्ट कर रहे हैं। स्टार कास्टः फिल्म में रणवीर सिंह लीड रोल में होंगे। उनके अलावा अक्षय खन्ना, संजय दत्त, आर माधवन और अर्जुन रामपाल जैसे दिग्गज कलाकार भी फिल्म में नजर आएंगे। 'धुरंधर 2' 19 मार्च, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। 'धुरंधर'2025 की सबसे बड़ी हिट साबित हुई थी।

## हॉलीवुड मसाला



# अमेरिका में आजादी से काम नहीं कर सकती

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'ट्विलाइट'फेम एक्ट्रेस क्रिस्टन स्टीवर्ट हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा कि वह बतौर फिल्ममेकर, एक्ट्रेस अमेरिका में सहज महसूस नहीं करती हैं। साथ ही अमेरिका का राजनीतिक माहौल भी उनको पसंद नहीं है। वह ट्रंप प्रशासन और उसकी नीतियों पर भी खुलकर बात कर चुकी हैं। एक बातचीत में क्रिस्टन स्टीवर्ट ने कहा कि वह अब अमेरिका में क्रिएटिव तौर पर सुरक्षित महसूस नहीं करती है। साथ ही वह अब यहां सहज महसूस नहीं करती हैं। जब एक्ट्रेस से पूछा गया कि क्या वह खुद को अमेरिका में रहते हुए आगे देखती हैं।




# मेलानिया बनी सबसे महंगी डॉक्यूमेंट्री!

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की वाइफ और अमेरिका की फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रंप पर बनी डॉक्यूमेंट्री 'मेलानिया' की नॉर्थ अमेरिका में वीकेंड बॉक्स ऑफिस पर अच्छी ओपनिंग रही। हालांकि, फिल्म क्रिटिक्स से इस फिल्म को खराब रिव्यूज़ मिले हैं। इस डॉक्यूमेंट्री का निर्देशन ब्रेट रैटनर ने किया है। बता दें कि यह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे शपथ ग्रहण से 20 दिन पहले की कहानी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पहले ट्रंप सपोर्टर्स ने इसे बॉक्स ऑफिस पर ओपनिंग वीकेंड पर करीब 7 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई तक पहुंचाया। यह आंकड़ा एक डॉक्यूमेंट्री के लिए बहुत बड़ा है। उम्मीद की जा रही है कि यह करीब एक दशक में अपनी तरह की सबसे अच्छी परफॉर्म करने वाली डॉक्यूमेंट्री बन जाएगी।



# शक्ति शालिनी में नजर आएगा विशाल

**मुंबई।** 'शक्ति शालिनी' मैडॉक यूनिवर्स की मच अवेटेड फिल्म है। फिल्म में 'सैयारा'स्टार अनीत पड्डा नजर आएंगी। इस मूवी की शूटिंग मार्च में शुरू होगी। फिल्म में जबरदस्त ड्रामा और एक्शन देखने को मिलेगा। हाल ही इस फिल्म के मेल एक्टर को लेकर भी अपडेट सामने आई है। शक्ति शालिनी एक फीमेल-लेड एक्शन ड्रामा फिल्म है। एक खबर के मुताबिक विशाल जेठवा ने यह फिल्म साइन कर ली है। मैडॉक यूनिवर्स की इस फिल्म में वह अनीत पड्डा के साथ नजर आएंगे। वह फिल्म में अनीत के किरदार के लवर का रोल करेंगे।'शक्ति शालिनी' में जबरदस्त एक्शन के साथ-साथ एक पर्सनल और इमोशनल एंगल भी देखने को मिलेगा। यह फिल्म 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। मैडॉक हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स आगे भी मजेदार फिल्में ला रहा है।



# भागम भाग-2 में हुई मनोज की एंट्री

**मुंबई।** बॉलीवुड में इन दिनों पुरानी कल्ट फिल्मों के सीक्वल बनाने का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में अब साल 2006 में आई कल्ट कॉमेडी फिल्म 'भागम भाग' का सीक्वल भी बनने जा रहा है। फिल्म को लेकर काफी दिनों से चर्चाएं चल रही हैं। लेकिन, अब ऐसी खबरें आ रही हैं कि फिल्म इस साल फ्लोर पर आ जाएगी। इस बीच अब 'भागम भाग 2' को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आ रही है। इसमें फिल्म की कास्ट को लेकर बड़ा दावा किया जा रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'भागम भाग 2' की कास्ट में एक बड़ा बदलाव किया गया है। सीक्वल में जहां अक्षय कुमार और परेश रावल की वापसी हुई है। वहीं गोविंदा की जगह फिल्म में मनोज बाजपेयी नजर आ सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म निर्माताओं ने मनोज बाजपेयी को कास्ट कर लिया है।

## टीवी मसाला



# गुमनामी के साये में दूरदर्शन की रामायण के 'भगवान शिव'

**नई दिल्ली।** 1987 में टीवी चैनल दूरदर्शन पर रामायण शो को पहली बार टेलीकास्ट किया गया था। निर्देशक रामानंद सागर के इस माइथोलॉजिकल शो की कास्ट की चर्चा अक्सर की जाती है। खासतौर पर भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण का किरदार निभाने वाले कलाकारों का नाम इसमें शामिल रहता है। लेकिन बहुत कम बार रामायण के गुमनाम कलाकारों के बारे में बात की जाती है। इस आधार पर आज हम आपको टीवी की रामायण में भगवान शिव की भूमिका निभाने वाले अभिनेता विजय कविश का नाम शामिल होता है। टीवी सीरियल रामायण में विजय कविश ने बखूबी भगवान राम की भूमिका को निभाया था। अपने कमाल की एक्टिंग के लिए उनकी काफी प्रशंसा हुई। लेकिन, आज वह कहां और क्या कर रहे हैं, इसके बारे में बहुत कम लोगों को पता है। हम आपको बता दें कि विजय मुंबई में बतौर डायरेक्टर और एडिटर सक्रिय हैं। वह यूट्यूब प्लेटफॉर्म पर अपनी शॉर्ट फिल्में और सीरीज को अपलोड करते हैं। हालांकि, फिल्मों और टीवी सीरियल्स में उनका उतना मौका नहीं मिल रहा है। एक तरह से रामायण से रातों-रात शोहरत हासिल करने वाले विजय कविश फिलहाल एक तरह से संघर्ष करते हुए नजर आ रहे हैं। गौर किया जाए उनके लुक की तरफ तो समय के साथ-साथ उनकी उम्र हो गई है और लुक पूरी तरह से बदल गया है। जिसका अंदाजा आप उनकी इन तस्वीरों को देखकर आसानी से लगा सकते हैं। रामानंद सागर की रामायण के अलावा विजय कपिश उत्तर रामायण में भी नजर आए थे, जिसमें उन्होंने महर्षि वाल्मीकि का किरदार अदा किया था। सिर्फ छोटे पर्दे के शो के अलावा विजय कविश ने बतौर अभिनेता फिल्मों में भी अपनी किस्मत आजमाई थी।

## नहीं हुई है एल्विश और जिया की सगाई

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस जिया शंकर की निजी जिंदगी हाल ही में कई डेटिंग अफवाहों के कारण सुर्खियों में रही है। सबसे पहले, एक्ट्रेस की सगाई की अटकलें अभिषेक मल्हान से लगाई गईं और बाद में एक मिस्ट्री मैन के



साथ उनकी एक तस्वीर वायरल हुई, जिससे इन अफवाहों को और हवा मिली। अब जिया एक बार फिर सुर्खियों में हैं जब एल्विश यादव ने उनका हाथ पकड़े हुए अपनी तस्वीर शेयर की, जिसमें हीरे की अंगूठी थी और जिया शंकर को टैग किया। इस फोटो ने सगाई की अफवाहों को और हवा दी। लेकिन इसका सच तो कुछ और ही निकला। दरअसल, दोनों ने अपने नए शो के प्रमोशन के लिए ये हथकंडा अपनाया था। 'बिग बॉस ओटीटी' विनर एल्विश यादव के अकाउंट पर शेयर की गई स्टोरी में कैप्शन था, 'प्यार को एक और मौका दिया और मुझे मेरा दिल मिल गया,' जिससे यह हिंट मिला कि दोनों की सगाई हो गई है क्या!

# अरिजीत सिंह ने नए गाने में यूलिया के साथ दी आवाज

**मुंबई।** प्लेबैक सिंगिंग से अपने रिटायरमेंट की घोषणा करने के बाद से अरिजीत सिंह लगातार चर्चाओं में बने हुए हैं। इस बीच अब अरिजीत सिंह के नए गाने का टीजर सामने आया है। अरिजीत ने ये गाना शॉर्ट फिल्म 'इकोज ऑफ अस' में गाया है, जिसमें यूलिया वंतूर और दीपक तिजोरी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का संगीत सलमान खान के म्यूजिक लेबल के तहत तैयार किया गया है। जो राजन द्वारा निर्देशित शॉर्ट फिल्म 'इकोज ऑफ अस' के पहले गीत 'तेरे संग' का टीजर शुक्रवार को जारी किया गया है। गाने में यूलिया वंतूर और दीपक तिजोरी नजर आ रहे हैं। इस गाने को अरिजीत सिंह ने यूलिया के साथ मिलकर गाया है। यह गाना सलमान खान फिल्म्स म्यूजिक के बैनर तले लॉन्च किया गया है। यूलिया का नाम पिछले काफी वक्त से सलमान खान के साथ जोड़ा जाता रहा है। ऐसे में अब यूलिया की शॉर्ट फिल्म के गाने को भी सलमान खान द्वारा ही लॉन्च किया गया है। इससे दोनों की नजदीकियों को लेकर एक बार फिर चर्चाएं तेज हो गई हैं।



'इकोज ऑफ अस' में दीपक तिजोरी और यूलिया वंतूर के अलावा स्पेनिश अभिनेत्री एलेसांद्रा व्हेलन मेरेडिज भी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। 'तेरे संग' गाना यूलिया और अरिजीत का पहला कोलैबरेशन है। इस शॉर्ट फिल्म का निर्माण अभिनेत्री पूजा बत्रा ने एलायंस मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से किया है। पिछले साल 28 जून 2025 को सलमान खान ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर 'इकोज ऑफ अस' की टीम को शुभकामनाएं देते हुए फिल्म की रिलीज के लिए बधाई दी थी। साथ ही 47 सेकंड का पहला लुक टीजर भी साझा किया था।

# रामायण फिल्म में विजय सेतुपति विभीषण का निभाएंगे किरदार...



**मुंबई।** फिल्म रामायण को नितेश तिवारी निर्देशित कर रहे हैं। इसका पहला पार्ट इस साल दिवाली पर रिलीज होगा, वहीं दूसरा पार्ट अगले साल की दिवाली पर रिलीज किया जाएगा। हाल ही में फिल्म को लेकर नया अपडेट सामने आया है। फिल्म में रणबीर कपूर जहां राम भगवान का किरदार निभा रहे हैं। वहीं, साउथ एक्टर यश, रावण के किरदार में नजर आएंगे। हाल ही में एक यह खबर सामने आई है कि फिल्में विजय सेतुपति भी होंगे। 'रामायण' में विजय सेतुपति रावण के रोल भाई का रोल करेंगे वह विभीषण के रोल में दिखाई देंगे। फिल्म में यह किरदार अच्छाई का प्रतीक है। विभीषण, अपने भाई रावण के बजाय भगवान राम का साथ देते हैं। फिल्म में विजय सेतुपति यह किरदार निभाएंगे, इसे लेकर मेकर्स ने अभी तक कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की है। फिल्म 'रामायण' में रणबीर कपूर, यश के अलावा सनी देओल, रवि दुबे और साई पल्लवी जैसे एक्टर्स भी नजर आंएगे। फिल्म को मेकर्स पैन इंडिया रिलीज करने वाले हैं। फिल्म का म्यूजिक एआर रहमान और हॉलीवुड कंपोजर हंस जिमर बना रहे हैं।

## क्वीन ऑफ चेस में दुनिया के टॉप 10 शतरंज खिलाड़ियों में अकेली महिला की जिंदगी का सफर

# धमाकेदार होगा फरवरी का पहला सप्ताहांत; रिलीज होंगी ये फिल्में-सीरीज

*नई दिल्ली। शुक्रवार 6 फरवरी को कई नई फिल्में थिएटर्स में रिलीज हुईं। वहीं, बॉर्डर 2 और मर्दानी 3 पहले से लगी हैं। लेकिन, जिन दर्शकों को वीकएंड पर थिएटर्स जाने में दिलचस्पी नहीं है या सर्द मौसम में घर बैठे ही कोई बढ़िया फिल्म-सीरीज एंजॉय करना चाहते हैं तो उनके लिए भी दिलचस्प ऑप्शन हैं। जानिए फरवरी के पहले वीकएंड पर ओटीटी की लिस्ट में क्या है?*

### द राजा साब

प्रभास अभिनीत फिल्म 'द राजा साब' 9 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक दे रही है। फिल्म 6 फरवरी से जियो हॉटस्टार पर उपलब्ध है। यह हॉरर कॉमेडी फिल्म है। थिएटर्स में फिल्म खास प्रदर्शन नहीं कर पाई है। देखना दिलचस्प होगा कि यह ओटीटी पर क्या कमाल करती है।

### किस किस प्यार करूं 2

कपिल शर्मा अभिनीत फिल्म 'किस किस प्यार करूं 2' भी इस वीक की लिस्ट में शामिल है। यह फिल्म दिसंबर में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब इसने ओटीटी पर दस्तक दे दी है। यह फिल्म आज शुक्रवार 6 फरवरी से जियो हॉटस्टार पर उपलब्ध है।






### 'शबद रीत और रिवाज

यह छह एपिसोड की ड्रामा सीरीज है। यह 16 वर्षीय किशोर घुप्पी की कहानी है, जिसे हकलाने की बीमारी है। फुटबॉल के लिए उसमें गजब का जुनून है। इसके चलते पिता के साथ उसका टकराव होता है। दरअसल, उसके पिता चाहते हैं कि घुप्पी, परिवार की भक्ति वाले रागी गायन की पवित्र परंपरा को आगे बढ़ाए। सीरीज पंजाब के खूबसूरत बैकग्राउंड पर बेस्ड है। इसमें घुप्पी के संघर्ष, डर, महत्वाकांक्षा को दिखाया है। कमी के बावजूद अपनी मेहनत के बूते वह अपना सफर तय करता है। इस सीरीज को 06 फरवरी से जी5 पर देख सकते हैं।

### 'डेथ व्हिस्परर 3

इस वीक थाई हॉरर फिल्म 'डेथ व्हिस्परर 3' भी देखने के लिए उपलब्ध है। यह फिल्म अक्तूबर 2025 में थिएटर्स में रिलीज हुई थी और ब्लॉकबस्टर रही थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है। 04 फरवरी 2026 से यह नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई।

### क्वीन ऑफ चेस

यह एक डॉक्यूमेंट्री है। इसमें दुनिया के टॉप 10 शतरंज खिलाड़ियों में अकेली महिला 'जुडिट पोल्गर' की जिंदगी को दिखाया गया है। सीरीज में पुरुष प्रधान खेल में उनके सफर की कहानी बयां की गई है। इसे 6 फरवरी से नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### पराशक्ति

साउथ इंडस्ट्री की फिल्म 'पराशक्ति' भी आज शुक्रवार से ओटीटी पर रिलीज हो रही है। एक्टर शिवकार्तिकियन की यह फिल्म 10 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब फरवरी में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर इसने दस्तक दी है। इसे 07 फरवरी से जी5 पर देखा जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### भारत का शहद दुनिया में बना रहा पहचानः डीसी

**चरखी दादरी।** प्रदेश के मधुमक्खी पालकों के हित में एक अहम और ऐतिहासिक कदम उठाते हुए भावांतर भरपाई योजना के तहत शहद का संरक्षित मूल्य 120 रुपये प्रति किलोग्राम निर्धारित किया है। इस पहल से मधुमक्खी पालकों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य सुनिश्चित होगा और उनकी आय में स्थायित्व आएगा। उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने बताया कि राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं हनी मिशन जैसी योजनाओं के चलते देश आज एक बड़ा शहद उत्पादक देश बन रहा है। शहद का निर्यात निरंतर बढ़ रहा है और भारतीय शहद की मिठास विश्वभर में पहचान बना रही है।

### 5 लाख रुपये तक का ऋण मिलेगा: उपायुक्त

**चरखी दादरी।** सरकार ने महिलाओं को आर्थिक व सामाजिक तौर पर सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना शुरू की है। योजना के तहत पात्र महिलाओं को बैंकों के माध्यम से 5 लाख रुपये तक का ऋण मिलेगा। उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना चलाई जा रही है। योजना के तहत डेयरी, उद्योग विभाग की सूची में शामिल नकारात्मक गतिविधियों तथा केवीआईबी को छोडकर अन्य सभी गतिविधियां शामिल है।

### शिवनारायण शर्मा के निधन पर जताया शोक

**भिवानी।** जिला ब्राह्मण विकास परिषद द्वारा एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता परिषद के प्रधान एवं शीलकराम कौशिक द्वारा की गई। इस अवसर पर श्री राम मंदिर सेवा समिति-पुर के संस्थापक एवं हरियाणा रोड़वेज में पूर्व निरीक्षक शिवनारायण शर्मा के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर परमात्मा से उन्हें अपने चरणों में स्थान दें और इस दुःख की घड़ी में परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की गई। सभा के दौरान शीलकराम कौशिक ने बताया कि शिवनारायण शर्मा का उनका जन्म भिवानी के गांव पुर में हुआ । उन्होंने अपने जीवन के 38 साल हरियाणा रोडवेज में पूरी ईमानदारी से सेवाएं दी । शोक सभा में अमित कुमार, आनंद, अनिल, रामौतार, राधेश्याम, महेश कुमार, बजरंग समेत परिषद के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

### केंद्र सरकार के बजट को किसान हितैषी बताया

**लोहारू।** प्रदेश के पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा है कि केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत किया गया 2026-27 का केंद्रीय बजट किसान हितैषी तथा हर वर्ग की भलाई को ध्यान में रखकर बनाया गया संतुलित बजट है। यह बजट किसान हित सहित कृषि, युवा, महिला और गरीब वर्ग के उत्थान में परिवर्तनकारी सिद्घ होगा। इस बजट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित करने का विजन दिखाई दे रहा है। पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल बीजेपी जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक, संदीप श्योराण सहित पार्टी पदाधिकारी के साथ शुक्रवार को स्थानीय बीजेपी कार्यालय में केंद्रीय बजट को लेकर आयोजित किसान सम्मलेन को संबोधित कर रहे थे।

### शिकायतों का हो प्राथमिकता से निदान

**चरखी दादरी ।** समाधान शिविर में आने वाले परिवादियों की शिकायत का निदान संजीदगी के साथ किया जाए। किसी भी रूप से शिकायत को लंबित न रखें। अगर ऐसा होता है तो संबंधित अधिकारी की नाकामी होगी। शिकायत के समाधान की अपडेट रिपोर्ट समाधान प्रकोष्ठ के पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। यह निर्देश मुख्यमंत्री कार्यालय से वरिष्ठ आईएएस अधिकारी आशिमा बराड़ ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शुक्रवार को समाधान शिविर की समीक्षात्मक बैठक में दिए।

---

### मतदाता सूची में त्रुटियों का शुद्धिकरण करना जरूरी : एडीसी

# बीएलओ मतदाता सूची का कार्य गंभीरता से करें

**अधिकारी और कर्मचारी एक-एक बिंदु पर सत्यता से कार्य करें**

हरिभूमि न्यूज भिवानी

59-बवानी खेड़ा ( अ.जा ) विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एडीसी दीपक बाबू लाल करवा व 57-भिवानी विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम महेश कुमार की अध्यक्षता में पंचायत भवन में बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) व सुपरवाइजरों की एसआईआर यानि स्पेशल इंटेसिव रिवीजन को लेकर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यशाला में एडीसी ने करवा ने कहा कि मतदाता सूची में त्रुटियों का शुद्धिकरण करना जरूरी है,जिसे भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुरूप करना है।

उन्होंने कहा इस कार्य में लगे अधिकारी और कर्मचारी एक एक बिंदु पर सत्यता से कार्य करें। कार्यशाला में बताया गया कि बीएलओ वर्ष 2002 की मतदाता सूची को 2024 की मतदाता सूची के साथ सही मिलान करें ताकि भविष्य में एसआईआर की प्रक्रिया शुरू हो तो कोई परेशानी नही हो। निर्वाचन आयोग की मतदाता सूची तैयार करने में त्रुटियों का शुद्धिकरण करना बहुत जरूरी हैं। इस कार्य को बीएलओ भारत निर्वाचन आयोग के नियमानुसार गंभीरता से करें। नया वोटर कार्ड बनाने, वोटर कार्ड को सूची से हटाने, वोटर कार्ड में पता बदलने आदि संशोधन प्रक्रिया कार्य गंभीरता से करें। मतदाता सूची में सुधार एवं संशोधन एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। एसआईआर प्रक्रिया में प्रिंटिंग और ट्रेनिंग, हाउस टू हाउस एन्यूमरेशन, ड्राफ्ट वोटर लिस्ट, क्लेम और ऑब्जेक्शन व फाइनल वोटर लिस्ट तैयार होगी। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण करने के लिए बीएलओ को गंभीरता से कार्य करना होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि गांव छोड़ चुके लोगों की वोट को अन्य स्थान पर बदलने, मृतकों के नाम मतदाता सूची से हटाना और नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करने का कार्य प्राथमिकता से होना चाहिए।



भिवानी। आयोजित बैठक में बीएलओ को दिशा निर्देश देते हुए।

#### एक जनवरी 2026 को माना जा रहा आधार

प्रशिक्षण में बताया कि एक जनवरी 2026 को आधार तिथि मानकर मतदाता सूची तैयार की जाएगी। ऐसे में जो भी व्यक्ति इस तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक आयु का है और संबंधित निर्वाचन क्षेत्र का निवासी है, वह मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का पात्र होगा। नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6 भरकर, साथ में दो पासपोर्ट साइज फोटो, आयु प्रमाणपत्र और रिहायशी प्रमाणपत्र बीएलओ को जमा करवाना होगा। वहीं नाम हटवाने के लिए फॉर्म-7 और संशोधन के लिए फॉर्म-8 का उपयोग किया जाएगा। यदि कोई मतदाता एक विधानसभा क्षेत्र से दूसरे में स्थानांतरित हो रहा है, तो उसे भी फॉर्म-8 में आवेदन करना होगा।

#### ऑनलाइन होगा काम

निर्वाचन आयोग द्वारा जारी वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से कोई भी व्यक्ति मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, वोट हटवाने, वोटर कार्ड में शुद्धि करने और आधार नंबर लिंक कराने जैसे कार्य ऑनलाइन कर सकता है। इस मौके पर चुनाव कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी, भिवानी व बवानी खेड़ा विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ उपस्थित रहे।

---



लोहारू। लोहारू में चौ बंसीलाल कॉलेज के एथलीट मीटर शुभारंभ में शामिल होते खिलाड़ी व स्टाफ सदस्य।

## एथलीट मीट के प्रथम दिन ऊंची कूद में बबीन प्रथम

हरिभूमि न्यूज लोहारू

चौ. बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय में 37वीं वार्षिक एथलेटिक मीट का शुभारंभ शुक्रवार को कॉलेज प्राचार्य डॉ मुकेश कुमार चहल ने किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ खेलों में भी व्यक्ति बेहतर करियर बना सकता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि दिलबाग दालाल को एन.सी.सी. बटालियन द्वारा सलामी दी गई।

मंच संचालन अनिरुद्ध पूनिया, डॉ. अजय वशिष्ठ एवं डॉ. सुजीत द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. मुकेश कुमार चाहल ने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। हार और जीत खेल का हिस्सा हैं, परंतु मैदान में उतरने का साहस ही सच्ची विजय है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को पूरे उत्साह, खेल भावना और अनुशासन के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि दिलबाग दालाल ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए बच्चों को मिठाई खिलाने हेतु 11,000 की राशि प्रदान करने की घोषणा की।

एथलीट मीट के प्रथम दिन ऊंची कूद में बबीन ने प्रथम, अमित ने द्वितीय, कमल ने तृतीय, लंबी कूद में आशीष ने प्रथम, कमल ने द्वितीय और बबीन ने तृतीय स्थान हासिल किया। ट्रिपल जंप में बबीन ने प्रथम, अमित ने द्वितीय, आशीष ने तृतीय, 400 मीटर दौड़ में एकता ने प्रथम, मोनिका ने द्वितीय और किरण ने तृतीय स्थान हासिल किया।

---

## 12 की राष्ट्रव्यापी हड़ताल की सफलता के लिए किया प्रचार




**बाढड़ा।** 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने हेतु राज्य स्तरीय जत्थे का अभियान तेज केंद्र सरकार की जनविरोधी, मजदूर-विरोधी एवं कर्मचारी-विरोधी नीतियों के खिलाफ केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त आह्वान पर 12 फरवरी को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के उद्देश्य से सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं सीटू के संयुक्त तत्वावधान में प्रचार-प्रसार अभियान को और तेज कर दिया गया है। इसी क्रम में आज बाढड़ा खंड में राज्य स्तरीय जत्थे ने बिजली विभाग, जनस्वास्थ्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संगठन, पब्लिक हेल्थ संगठन सहित कारी आदू, कारी मोद,बाढड़ा एवं जीतपुरा गांवों में निर्माण मजदूरों, मनरेगा मजदूरों, कर्मचारियों तथा ग्रामीणों को संबोधित किया। वक्ताओं ने 12 फरवरी की हड़ताल को पूर्ण रूप से सफल बनाने की अपील की। जत्थे को संबोधित करते हुए सीटू जिला सह-संयोजक सुमेर सिंह, भवन निर्माण कामगार यूनियन जिला प्रधान सदीक तथा रोशन लाल ने कहा कि केंद्र सरकार ने मजदूरों के हित में बने 44 श्रम कानूनों को समाप्त कर पूंजीपतियों के हित में बनाए गए चार लेबर कोड लागू किए हैं।

## औद्योगिक क्षेत्र से मलबा हटाया

हरिभूमि न्यूज भिवानी

डीसी साहिल गुप्ता द्वारा शहर में सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने को लेकर दिए गए निर्देशों के चलते नगर परिषद ने सड़कों के किनारे पड़े मकानों के मलबे व कचरे को उठाने का विशेष अभियान एक बार फिर शुरू कर दिया है। नगर परिषद कर्मचारियों ने शुक्रवार को जेसीबी मशीन की सहायता से औद्योगिक क्षेत्र में कई जगहों से मलबे को उठाया है। उल्लेखनीय है कि वीरवार को डीसी श्री गुप्ता ने अधिकारियों के साथ शहर में सफाई व्यवस्था की समीक्षा की थी। अधिकारियों से प्रत्येक वार्डों में मौजूदा स्थिति की जानकारी ली थी। इसके साथ ही सीएमजीजीए ऋषव रंजन ने शहर की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। शहर के 31 वार्डों में नियुक्त किए गए नोडल अधिकारियों द्वारा डीसी के समक्ष शहर में सड़कों के किनारे या खाली जगहों पर मकानों का मलबा पड़ा होने की जानकारी लाई गई थी। इस पर डीसी ने नगर परिषद अधिकारियों को शहर में जगह-जगह पड़े मलबे को उठाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। डीसी के निर्देशों के चलते नगर परिषद प्रशासन सफाई निरीक्षक विकास देशवाल ने शुक्रवार को औद्योगिक क्षेत्र का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान इस क्षेत्र में कई जगहों पर मलबा पड़ा होना दिखाई दिया। उन्होंने तुरंत प्रभाव से जेसीबी मशीन मंगवाई और मलबे को उठवाया। इस बारे में जिला नगर आयुक्त गुलजार मलिक ने बताया कि शहर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के नगर परिषद प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। मकानों के मलबे को सड़कों के किनारे डालना सही नहीं है, इससे शहर में गंदगी का आलम बनता है।



भिवानी। सड़क किनारे पड़े मलबे को उठाती जेसीबी। फोटो: हरिभूमि

---

## खबर संक्षेप

### हर की पौड़ी से कांवड़ यात्रा नरसिंहवास के लिए रवाना



**चरखी दादरी ।** हर वर्ष फाल्गुन मास कांवड़ यात्रा के तहत नरसिंह वास तथा आसपास के ग्रामीणों द्वारा हरिद्वार पहुंच कर मां गंगा से जल एकत्रित कर कांवड़ के माध्यम से चढ़ाया जाता है। पावन धाम हरिद्वारा ग्रामीणों का जत्था पहुंचा व गंगा मां की आरती व पूजा के उपरांत कांवड यात्रा का शुभारंभ हर की पौडी से किया। अब आगामी 15 फरवरी महाशिवरात्रि को ये सभी श्रद्धालु भोले बाबा कोजल अर्पित करेंगे। कांवड़ यात्रा में नरसिंह वास, नंदगांव, मुंढाल कलां के यात्री शामिल रहते हैं यह कांवड़ यात्रा भक्त मदनलाल के सानिध्य में चल रही है। ये सभी शिव भक्त पैदल यात्रा कर गांव के शिव मंदिर में पहुंचेगे तथा शिवरात्रि पर्व पर जलाभिषेक किया जाएगा।

### परीक्षाओं के दौरान विद्यार्थी तनाव मुक्त रहें : बलराज



**चरखी दादरी ।** एचडी पब्लिक स्कूल बिरोहड़ में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के निर्देशानुसार लाइव इंटरेक्टिव कार्यक्रम परीक्षा पर चर्चा के सीधा प्रसारण का विद्यार्थियों ने लाइव देखकर भरपूर लाभ उठाया। विद्यालय निदेशक बलराज फौगाट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वक्तव्य का समर्थन करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को ये विशेष बातें अपने जीवन में उतार लेनी चाहिएं। उनके अनुसार परीक्षा के दिनों में विद्यार्थियों को तनाव मुक्त रहना चाहिए। आत्मविश्वास से भरा रहना चाहिए, कठिन विषयों को बार-बार पढ़ना चाहिए और अपने गुरुजनों के मार्गदर्शन में परीक्षा की तैयारी करनी चाहिए। उन्होंने प्रातः उठकर पढ़ने को सही बताते हुए कहा कि उस समय वातावरण शांत रहता है, हमारा मानसिक स्तर उच्च होता है और हमें पढ़ा हुआ अधिक समय तक याद रहता है। परीक्षा के दिनों में अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए अच्छी नींद ले, समय पर पौष्टिक भोजन करें और खेलकूद को भी स्थान दें। कई घंटे लगातार पढ़ने की बजाए बीच-बीच में छोटे-छोटे अंतराल के साथ पढ़ाई करना मस्तिष्क व शरीर को आराम देता है।



### जिन्हें अपना समझा, उन्होंने ही दिया दर्द: दलीप

**तोशाम।** बाईपास मार्ग पर चल रहा किसान धरना 45 महीने पार करते हुए निरंतर जारी रहा, इस दौरान धरने की अध्यक्षता किसान ताराचंद ने की। इस मौके पर मौजूद धरना संयोजक दलीप सिंह सांगवान ने कहा कि यह कोई एक दिन की बात नहीं है, किसानों के धरने ने 45 महीने पूरे कर लिए हैं। परंतु सरकार के किसी प्रतिनिधि ने कोई सुध नहीं ली। उन्होंने कहा कि ध्यान देने योग्य बात यह है जिन राजनेताओं ने किसानों की जमीन पर कुदृष्टि डाली, कब्जाने की कोशिश की और किसानों को धरने पर बैठने के लिए मजबूर किया उन्हीं राजनेताओं को किसान अपना मानते रहे। राजनेता पार्टी पर पार्टी बदलते रहे और किसान भी उनके पीछे लगे रहे, पहचान नहीं पाए। उन्होंने कहा कि किसानों ने चौधरी छोटू राम द्वारा कही गई अपने दुश्मन को पहचानने की बात से सीख नहीं ली।

### 12 की राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारी तेज



**बवानीखेड़ा ।** सर्व कर्मचारी संघ ब्लॉक बवानी खेड़ा की टीम ने आगामी 12 फरवरी को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारियों को लेकर ब्लॉक के विभिन्न सरकारी कार्यालयों और स्कूलों का दौरा किया। इस अभियान का नेतृत्व ब्लॉक प्रधान चाँद राम ने किया। संघ की टीम ने सुबह से ही जनसंपर्क अभियान के तहत स्कूलों, पब्लिक हेल्थ (वाटर वर्क्स), बिजली विभाग, नगर पालिका, बीडीपीओ कार्यालय और तहसील कार्यालय" का दौरा किया। टीम ने कर्मचारियों से संवाद कर सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया।

### विद्यार्थियों ने तिलियार चिड़ियाघर किया का भ्रमण

**भिवानी।** पी एम श्री योजना के तहत केंद्रीय विद्यालय पालुवास के प्राथमिक विभाग के विद्यार्थियों के लिए 6 फरवरी को शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया जिसमे कक्षा पहली और दूसरी के विद्यार्थियों ने तिलियार चिड़ियाघर रोहतक का भ्रमण किया जहाँ बच्चों ने विभिन्न वन्य जीवों को देखते हुए शिक्षकों से उस संबंध में प्रश्न पूछे । कक्षा तीसरी से पांचवीं के विद्यार्थियों ने चौधरी चरण सिंह कृषि विश्व विद्यालय हिसार का दौरा किया जहां विद्यार्थियों ने कृषि विज्ञान केंद्र और कृषि संग्रहालय के विषय में जानकारी प्राप्त की और उपस्थित डॉक्टरों से कृषि की नई और उन्नत तकनीकों के विषय में जाना । विद्यालय प्राचार्य मोहिंदर सिंह ने बताया कि इस तरह के शैक्षिक भ्रमण का आयोजन विद्यार्थियों को नई और रोचक जानकारी देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

---

## स्वदेशी को अपनाने का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज बवानीखेड़ा

स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय श्री शंभू सिंह ठाकुर राजकीय महिला महाविद्यालय, बवानी खेड़ा में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस पर स्वयंसेवकों द्वारा नगर एवं ग्रामीण स्तर पर व्यापक जन-जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य बाजार तक जागरूकता रैली के रूप में निकाला गया। रैली का मुख्य उद्देश्य आमजन को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों, स्वच्छता के महत्व, जल संरक्षण तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति सचेत करना था।

स्वयंसेविकाओं ने प्लास्टिक का प्रयोग न करें, स्वच्छता अपनाएं, जल है तो कल है एवं पृथ्वी को हरा-भरा बनाएँ" जैसे नारों के माध्यम से नागरिकों को जागरूक किया। साथ ही भारत सरकार के विकसित भारत संकल्प के अंतर्गत आत्मनिर्भर भारत एवं स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का संदेश भी दिया गया। इसी क्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गोद लिए गए पुर गाँव में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वयंसेविकाओं ने वहाँ नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता अभियान, आत्मनिर्भरता, स्वदेशीकरण तथा सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूक किया। सरल एवं प्रभावशाली प्रस्तुति के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि स्वच्छ वातावरण, स्थानीय संसाधनों का उपयोग एवं स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देकर ही गाँव और देश को सशक्त बनाया जा सकता है। यह एन.एस.एस. विशेष शिविर महाविद्यालय के प्राचार्य श्री प्रवीण के दूरदर्शी दिशा-निर्देशन में तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की प्रभारी अधिकारी श्रीमती सुमन के सशक्त नेतृत्व एवं संरक्षण में संचालित किया जा रहा है। इस जागरूकता अभियान के दौरान डॉ. सुनील, श्रीमती निशा, डॉ. सोनम, डॉ. नीना कुमारी एवं सुमन की सक्रिय उपस्थिति रही।




## विद्यार्थियों को दिलाई जल और पर्यावरण संरक्षण की शपथ



**भिवानी।** महात्मा ज्योतिबा फूले धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा वीरवार को विभिन्न राजकीय विद्यालयों में विशेष संकल्प कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को जल एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ जीवन में कभी नशा न करने की शपथ दिलाई गई। यह जानकारी देते हुए ट्रस्ट के महासचिव विजय सिंहमार व उप प्रधान रिंकू ख्यालीराम ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा यह अभियान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाणा लाडनपुर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सांगा एवं जीएचएस ढ़ाणा नरसान में चलाया गया। तीनों कार्यक्रमों की अध्यक्षता संबंधित विद्यालयों के प्राचार्यों ने की, जिन्होंने ट्रस्ट की इस पहल की सराहना करते हुए इसे समय की सबसे बड़ी जरूरत बताया। इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष रमेश सैनी ने कहा कि आज का युवा हमारे देश का भविष्य है, लेकिन पर्यावरण का गिरता स्तर और नशे की बढ़ती लत इस भविष्य के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों के मन में यह बात बिठाना है कि जल की एक-एक बूंद कीमती है और हर पौधा एक जीवन के समान है। साथ ही, नशे रूपी दीमक से समाज को बचाने के लिए जरूरी है कि बच्चे स्कूल स्तर से ही इसके विरुद्ध संकल्पित हों।

---

### बजट पर सार्थक बहस की जगह बेवजह शोर-शराबा कर रहा विपक्ष

# आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करने वाला है बजट: जेपी

**लोकतंत्र की सही भूमिका नहीं निभाने में सफल रहा है विपक्ष**

हरिभूमि न्यूज बहल

पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पेश किया गया बजट पूरी तरह से समावेशी, समाज के हर वर्ग के उत्थान और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करने वाला बजट है। प्रदेश का बजट भी किसान, व्यापारी, कर्मचारी और कमेरे वर्ग के हितों को ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है जिससे आमजन उन्नत व खुशहाल होगा और प्रदेश तेज गति से विकास की और अग्रसर होगा।

वे शुक्रवार को भाजपा नेता हनुमान शर्मा के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में शरीक होने के बाद लोगों से रूबरू थे। उन्होंने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए जरूरी होता है कि चुनकर गए सांसद देश की नीति निर्धारण में अपनी राय रखें। पर, कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र के अनुरूप विपक्ष की भूमिका निभाने में असफल है। विपक्षी सांसद मुद्दाविहीन बातों पर शोर शराबा करते है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा गरीब, मजदूर व पिछड़े वर्ग को हाशिए पर रखा और कभी उनके उत्थान और विकास की सोच नहीं रखी। जबकि, भाजपा ने अपने अंतोदय के सिद्धांत पर काम करते हुए इस वर्ग को समानता का पूरा अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी भाजपा के खिलाफ जिस भी मुद्दे को लेकर जनता के बीच गई वही उसे निराशा मिली है। वोट चोरी और मनरेगा को लेकर जनता को कांग्रेस ने भ्रमित करने का प्रयास किया पर लोगों को यह बात समझ में आ चुकी है कि उनका भला केवल भाजपा शासन में है। उन्होंने कहा कि लोहारू हलके में विकास की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। सीएम नायब सिंह सैनी ने लोहारू के विकास के लिए जरूरत की हर योजना को पूरा किया है।



बहल। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री को स्मृति चिंह देकर सम्मानित करते हुए।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा नेता हनुमान शर्मा ने जेपी दलाल का स्वागत किया। पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल, जिला पार्षद रविंद्र मंढोली, अजय बिधनोई, सज्जन फौजी बिधनोई, पवन शर्मा सुरपुरा, मुकेश पंघाल, डॉ. सुमन श्योराण सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### सीबीएलयू में कैंसर को लेकर किया जागरूक

**भिवानी।** चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय के जूलॉजी विभाग द्वारा कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रोफेसर ललिता गुप्ता ने की, जबकि कार्यक्रम का संयोजन सहायक प्रोफेसर डॉ. पार्वती शर्मा द्वारा किया गया। डॉ. आशा ने कैंसर की प्रारंभिक पहचान, नियमित स्वास्थ्य जांच तथा संतुलित आहार के महत्व पर प्रकाश डाला, जबकि डॉ. मोनिका ने स्वस्थ जीवनशैली, तनाव प्रबंधन एवं सकारात्मक सोच की भूमिका पर अपने विचार साझा किए और विद्यार्थियों को जागरूक रहने तथा समय-समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने की सलाह दी। प्रोफेसर ललिता गुप्ता ने कहा कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति समाज में जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि समय पर पहचान, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और सकारात्मक जीवनशैली अपनाकर कैंसर के जोखिम को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### सात दिवसीय सूर्य नमस्कार का शुभारंभ

**भिवानी।** हलवासिया विद्या विहार में 'राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद' हरियाणा द्वारा निवेदित 'सूर्य नमस्कार' का सात दिवसीय आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम योगाचार्या अंजू लोहान की देखरेख में किया गया। जिसमें विद्यालय के कक्षा तीसरी से आठवीं तक के एक हजार छात्रों ने भाग लिया। सामूहिक रूप से किए गए सूर्य नमस्कार ने वातावरण को ऊर्जावान और सकारात्मक बना दिया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों को सूर्य नमस्कार के महत्व और उसके स्वास्थ्य लाभों के बारे में जागरूक करना रहा।

### मतदाता सूची में त्रुटियों का शुद्धिकरण करना जरूरी

**तोशाम।** निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार शुक्रवार को जिला उपायुक्त कम जिला निर्वाचन अधिकारी साहिल गुप्ता के दिशा निर्देश पर तोशाम विधानसभा क्षेत्र (57) के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम प्रदीप अहलावत के कुशल मार्गदर्शन में चौधरी बंसीलाल महिला महाविद्यालय में बीएलओ और सुपरवाइजर की सयुक्त रूप से कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में बीएलओ और सुपरवाइजर को वर्ष 2002 की मतदाता सूची को 20 24 की मतदाता सूची के साथ सही मिलान करने बारे बारीकी से जानकारी दी गई।

### अधिकारी समस्याओं का साथ-साथ ही करें समाधान

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में अधिकारियों के साथ समाधान शिविरों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे समाधान शिविरों में आने वाली समस्याओं का साथ-साथ ही समाधान करें। नागरिकों की समस्याओं को अधिकारी अपने पास लंबित ना रखें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं चंडीगढ़ से समाधान शिविरों की समीक्षा करते हैं, ऐसे में समाधान शिविरों में आने वाली समस्याओं को अधिकारी गंभीरता से लें और उनका समयबद्ध तरीके से समाधान करें।

### हेलमेट से सुरक्षित रहता है जीवनः बलाली

**बाढड़ा।** बाढड़ा विधानसभा के गांव आदमपुर कलाली-बलाली स्थित श्री बालानाथ योगाश्रम मंदिर परिसर में आयोजित विशाल रक्तदान शिविर समाजसेवा के साथ-साथ सुरक्षा जागरूकता का संदेश देने वाला कार्यक्रम बना। शिविर में महादेव बलाली ने मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। मुख्य वक्ता महादेव बलाली ने अपने विचार रखते हुए कहा कि रक्तदान केवल एक सामाजिक कार्य नहीं, बल्कि मानवता की सच्ची सेवा है।

### सैलून संचालक पर हमला आधा दर्जन पर केस

**लोहारू।** उपमंडल के गांव ढिगावा में करीब एक सप्ताह पहले एक हेयर सैलून की दुकान पर घुसकर दुकान के मालिक पर किए गए कथित हमले के मामले में लोहारू थाना पुलिस ने दुकान मालिक की शिकायत पर आधा दर्जन से अधिक युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दिए बयान में ढिगावा निवासी अभिषेक ने बताया कि वह ढिगावा में हेयर सैलून की दुकान चलाता है तथा बीती 31 जनवरी की सांय को आठ से दस युवकों ने उसकी दुकान में घुसकर उस पर लाठी डंडों से हमला कर दिया।

### किसानों को ऋण मुक्त करने का सुनहरा अवसर

**चरखी दादरी।** हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक अतिदेय ऋणी किसानों को ऋण मुक्त करने के उद्देश्य से एकमुश्त ऋण समाधान योजना लागू की गई है। इस योजना के अंतर्गत अतिदेय ऋणी किसान द्वारा पूरा मूलधन जमा करने पर अतिदेय ब्याज में 50 प्रतिशत की माफी तथा सम्पूर्ण जुर्माना ब्याज की पूर्ण माफी का प्रावधान किया गया है। जिन किसानों की मृत्यु हो चुकी है अथवा जो महिला ऋणी विधवा हो चुकी है, उनके मामलों में पूरा मूलधन जमा करने पर अतिदेय ब्याज की 100 प्रतिशत माफी तथा पूरा जुर्माना ब्याज माफ किया जाएगा।

---

सीवरेज लाइनों में भारी बारिश से जमा हुई गाद को निकालने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी

# चार करोड़ में दुरूस्त होगी कस्बे की मेन सीवरेज लाइन

टेंडर अलॉट कर दिया गया, उक्त लाइन करीब 25 वर्षों से डैमेज पड़ी थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

कस्बे में खेड़ी दौलतपुर रोड़ पर एसटीपी तक जा रही सीवरेज मेन लाईन के करीब 300 मीटर के टुकड़े को दुरूस्त किया जाएगा, जिसका टेंडर अलॉट कर दिया गया है। इस कार्य पर करीब चार करोड़ रुपए खर्च होंगे। वहीं मानसून के दौरान जलभराव से प्रभावित कस्बे में कमेटी रोड़ पर सीवरेज लाइन में जमा गाद को साफ करने का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है, जो कि एक सप्ताह भर में पूरा हो जाएगा। उक्त लाइन करीब 25 वर्षों से डैमेज पड़ी थी।

उल्लेखनीय है कि मानसून के दौरान कस्बे का विशेष तौर से बाहरी क्षेत्र जलमग्न हो गया था। जलभराव होने से सीवरेज की लाईनों में भारी मात्रा में गाद जमा हो गई थी, जिससे कस्बे में करीब 50 से 60 प्रतिशत लाइन चोक हो गई। सीवरेज लाइन लाइन जाम होने से गंदे पानी की निकासी की समस्या बनी और सीवरेज लाईने ओवरफ्लो होने लगी।

इससे नागरिकों को गंभीर समस्या का सामना करना पड़ा। पानी निकासी को लेकर विधायक वाल्मीकि हर समय अधिकारियों के साथ पानी के बीच खड़े रहे


बवानीखेड़ा। सीवर का कचरा निकालते हुए।

- जलभराव से सीवरेज लाइनों में भारी मात्रा में गाद जमा हो गई थी, जिससे लगभग 50–60% लाइन चोक हो गई

वहीं दूसरी ओर डीसी साहिल गुप्ता ने भी स्वयं कस्बे का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया था। विधायक और डीसी ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को पानी की निकासी के साथ-साथ सीवरेज लाईनों को भी दुरूस्त करने के निर्देश दिए।

#### चार करोड़ रुपए से होगी सीवरेज की मेन लाईन दुरूस्त

कस्बे में खेड़ी दौलतपुर रोड़ पर एसटीपी बना हुआ है, जहां पर लाईन के माध्यम से सीवरेज का पानी जाता है। यह लाईन बिजलीघर के समीप से करीब 300 मीटर तक धंसी हुई है, जिससे गंदे पानी की निकासी प्रभावित हो रही है। कार्यकारी अभियंता श्री धनखड़ ने बताया कि इस लाइन के टुकड़े को दुरूस्त करने के लिए विभाग ने टेंडर कर कार्य अलॉट कर दिया है। जल्द ही यह कार्य शुरु होगा। उसके बाद कस्बे में पानी निकासी की समस्या नहीं रहेगी। कस्बे में नागरिकों के समक्ष सीवरेज जाम या पेयजल की समस्या नहीं बनने दी जाएगी।

#### लाइनों को दुरुस्त करने के लिए लगाया है टेंडर

इस पर जनस्वास्थ्य विभाग ने लाईनों को दुरुस्त करने टेंडर लगाया और काम शुरू किया। विभाग द्वारा कस्बे में अधिकांश हिस्सों में सफाई का काम कर दिया गया है। अब कमेटी रोड़ पर युद्ध स्तर पर का जारी है। यह कार्य सप्ताहभर में पूरा हो जाएगा। विभाग के कार्यकारी अभियंता विकास धनखड़ ने बताया कि कमेटी रोड़ पर करीब 10 से 12 मेनहोल सडक के नीचे दबे हुए, जिनके माध्यम से सफाई होनी थी। लोक निर्माण विभाग से मैनहोल को बाहर निकालने की अनुमति ली गई और फिर काम शुरु किया गया है।

#### क्या कहते है विधायक



विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने बताया कि आने वाले कुछ ही समय में कस्बा बवानीखेड़ा में सीवरेज जाम की समस्या दूर हो जाएगी। भारी बारिश के चलते सीवरेज लाईने मिट्टी से जाम हो गई थी, जिसको जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा साफ करवाया जा रहा है। शहर में सीवरेज लाईन को दुरुस्त करने के लिए करोड़ों रूपयों की राशि मंजूर करवाई गई है। आगामी मानसून में कस्बे में पानी निकासी की समस्या नहीं रहेगी। जहां पर लाइन में कोई टूट फुट होगी तो उसको बदला भी जाएगा।

---

# आदर्श संस्थान कैरू की छात्रा अपसाना सम्मानित


तोशाम। आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए।

- निपुण जांगड़ा 21 हजार रुपये की राशि से हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

आधुनिक युग में जहां शिक्षण संस्थान विद्यार्थियों से शिक्षा के नाम पर लाखों रुपए ऐंठते हैं ऐसे में गांव कैरु स्थित आदर्श शिक्षण संस्थान अपने मेधावी विद्यार्थियों को लाखों रुपए वितरित कर उन्हें प्रोत्साहित कर आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। इतना ही नहीं बल्कि संस्थान के विद्यार्थी प्रदेश तथा राष्ट्रीय स्तर पर अव्वल आते हैं तो संस्थान द्वारा उन्हें भारतवर्ष के विभिन्न क्षेत्रों की हवाई यात्रा भी संस्थान द्वारा निःशुल्क करवाई जाती है। जिससे कैरु के आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय और आदर्श कान्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल चर्चा का विषय बने हुए हैं। जानकारी देते हुए आदर्श इंस्टिट्यूट कैरु के चेयरमैन आर के बंगालिया ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित बारहवीं कक्षा में कॉमर्स संकाय के दौरान प्रदेश भर में तीसरे स्थान पर रहने वाली छात्रा अपसाना पुत्री मुमताज इंदीवाली को हाल ही में 51000 रुपए की राशि देकर सम्मानित किया गया है वहीं साईंस संकाय से प्रदेश भर में छठा व सातवाँ स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में निपुण जाँगड़ा पुत्र राजेश कैरू को 21000 रुपए व लक्ष्मी बाई पुत्री मनोज कुमार लेघां को 11000 रुपए इसके अतिरिक्त सेकेंडरी कक्षा में ब्लॉक स्तर पर प्रथम रहे छात्र प्रतीक पुत्र जगबीर चंदावास को 5100 रुपए व कॉन्वेंट स्कूल के अमन पुत्र प्रदीप हेतमपुरा को भी 11000 रूपये के चैक के साथ सम्मानित किया गया।

#### मेधावियों को बांटे चेक

इस दौरान संस्थान द्वारा मेधावी विद्यार्थियों के लिए जमकर धन वर्षा की गई और दर्जनों मेधावी विद्यार्थियों को चेक के रूप में लाखों रुपए की राशि वितरित की गई। संस्थान सदस्यों ने मेधावी विद्यार्थियों का दिल खोलकर सम्मान करते हुए हौसला बढ़ाया है। अपने मेधावी विद्यार्थियों को भरपूर मान-सम्मान देकर संस्थान ने जता दिया कि शिक्षा ही नहीं बल्कि मान-सम्मान एवं अनुशासन के मामले में आदर्श संस्थान कैरू का कोई मुकाबला नहीं है।


---

# छोटे ड्रग डीलर पर भी शिंकजा कसने की तैयारीः सिमरदीप सिंह

- बड़े ड्रग डीलर की लिस्ट बनाकर हरियाणा पुलिस कर रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

रोहतक रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सिमरदीप सिंह ने बढ़ते नशे को लेकर कहा कि हरियाणा पुलिस जहां बड़े ड्रग डीलर को गिरफ्तार कर रही है, वही छोटे ड्रग डीलर पर भी पुलिस पैनी नजर बनाए हुए है तथा इस नैक्सेस को तोडऩे के लिए पुलिस ने काम शुरू कर दिया है। जिस प्रकार से नशा तस्करी के मामले बढ़े है, उसको लेकर पुलिस ने भी अपनी तत्परता को बढ़ाया है। नशे की छोटी व बड़े स्तर की सभी चेनों को तोड़ा जाएगा। ताकि पूरे प्रदेश को नशामुक्त बनाया जा सके। भिवानी पुलिस लाईन में अधिकारियों की मीटिंग के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही।


बेहतरीन कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों को सम्मानित करते हुए।

उन्होंने भिवानी पुलिस की कार्रवाई, दर्ज किए गए केस, पैंडिंग केस व इन्वेस्टिगेशन के प्रोसेस का भी जायजा लिया। पुलिस महानिरीक्षक सिमरदीप सिंह ने कहा कि विदेशों से बैठकर हफ्तावसूली करने वाले गैंगस्टर के खिलाफ हरियाणा पुलिस ने विशेष रणनीति बनाकर ऐसे अपराधियों को बाहर से लाकर उन पर कानूनी कार्रवाई में तेजी दिखाई है। जिसके चलते विदेशों में बैठकर हफ्तावसूली करने के मामलों में कमी आई है। उन्होंने यह भी कहा कि 2023-24 में विदेशों में बैठकर धमकी देकर उगाही करने वालों का पीक था, जिस पर अब कमी देखी जा रही है।

### पेयजल लीकेज समस्या को दुरुस्त किया

**भिवानी।** शहर में जहां भी सीवरेज या पेयजल से संबंधित समस्या जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के संज्ञान में आती है, उसके साथ ही उसको दुरूस्त करने काम किया जा रहा है। डीसी के निर्देशानुसार विभाग ने डाबर कॉलोनी और मुरारी सिनेमा रोड़ क्षेत्र में पेयजल लीकेज की समस्या को दुरूस्त कर दिया है। इसके अवाला दिनोद रोड़ पर स्लैब डालने का काम दिया है, जो जिनके ना होने से नागरिकों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। उल्लेखनीय है कि डीसी साहिल गुप्ता द्वारा जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि शहर में पेयजल और सीवरेज से संबंधित समस्याओं का तुरंत प्रभाव से समाधान किया जाए।

# विधायक सांगवान पहुंचे स्कूल, विद्यार्थियों से किया केंद्रीय बजट को लेकर किया संवाद

- बच्चों की बजट को लेकर सभी शंकाओं को किया दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

विधायक सुनील सांगवान ने गांव बिरही कलां स्थित कैप्टन जिले सिंह स्कूल में केंद्रीय बजट 2026 को लेकर युवाओं से सीधा संवाद किया गया। इस दौरान स्कूली विद्यार्थियों व युवाओं ने केंद्रीय बजट को लेकर उत्साह पूर्वक चर्चा की। युवाओं ने केंद्रीय बजट की प्रशंसा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक सुनील सांगवान ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026 देश के युवाओं को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है। बजट में रोजगार सृजन, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, कौशल विकास और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। विधायक ने बताया कि बजट में स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम, तकनीकी शिक्षा, डिजिटल लर्निंग और स्वरोजगार को बढ़ावा देने वाली योजनाओं के माध्यम से युवाओं के लिए नए अवसर सृजित होंगे।


चरखी दादरी। युवाओं से संवाद करते विधायक सुनील सांगवान।

# बवानी खेड़ा में वक्फ बोर्ड पीआईडी विवाद तेज

- तीसरी से चौथी पीढ़ी रह रही, शहरवासी बोले, ऐसा कभी सपने में भी नहीं सोचा
- विधायक बोले, मुख्यमंत्री से मिलकर करवाएंगे समाधान
- नपा प्रधान ने कहा–वे शहरवासियों के लिए हाईकमान से मिलेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा नगर पालिका द्वारा शहर में तकरीबन 12 एकड़ भूमि की 272 नई व पुरानी प्रोपटी आईडी (पीआईडी) को रद्द करने को लेकर लोगों में कोतुहल की स्थिति पैदा हो गई है। जबसे लोगों को उपरोक्त पीआइडी बारे पता चला है उस दिन से रातों की नींद और दिन का चैन नहीं है।

सोते-जागते, उठते-बैठते अपनी रिहायश की चिंता सताने लगी है कि ये कैसे और क्यों हो गया। वहीं बताया जाता है कि नगर पालिका ने दो भाइयों की कागजी कार्यवाही के कारण जांच के बाद असलियत सामने आने और वक्फ बोर्ड द्वारा रिक्वेस्ट देने ये गेंद वक्फ बोर्ड के पाले में डाल दी है। जिससे लोग चाहकर भी कुछ नहीं कर पा रहे हैं। वहीं मकान निर्माण कार्य में भी दिक्कत पैदा हो गई।

लोगों में भय हो गया है कि भवन निर्माण के समय कहीं वक्फ बोर्ड अड़चन पैदा न कर दे। बताया जाता है कि पहले भी नवनिर्माण में वक्फ बोर्ड अपनी उपस्थिति दर्ज करवाता रहा है।

हालांकि लोगों ने बताया कि एक तरफ सरकार 20 साल से अधिक समय से बैठे लोगों के नाम रजिस्ट्री करवा रही है और उनके साथ ऐसा करना उचित नहीं। वहीं नपा प्रधान सुंदर अत्री ने बताया कि वे स्वयं अधिकारियों से मिलकर रास्ता निकालकर समाधान करवाने का काम करेंगे।

#### मुख्यमंत्री से मिलकर समाधान में जुटे प्रधान

विधायक कपूर वाल्मीकि ने बताया कि वे अंबाला के वक्फ बोर्ड के अधिकारियों से मिलने का समय लिया है वे स्वयं मिलेंगे और इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री से मिलकर रास्ता निकालने में जुटे हुए हैं। क्योंकि शहरवासी सभी अपने हैं और वे किसी का नुकसान नहीं होने देंगे। सभी का समाधान करवाने का कार्य करेंगे।

#### वक्फ बोर्ड का कुल कितना और कहां है एरिया

शहरवासियों में ये भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है कि वक्फ बोर्ड का कुल एरिया कितना और कहां कहां है। क्योंकि अभी खुलकर विभाग द्वारा शो नहीं किया गया है कि कितनी दुकानें और कितने मकान व प्लॉट शामिल हैं। जिसके कारण हर कोई अपने रिहायशी मकानों, दुकानों को इसमें शामिल होने की सोच रहे हैं। जिसके कारण हर कोई बेचैन नजर आ रहा है। सूत्रों की मानें तो वक्फ बोर्ड भूमि में धार्मिक स्थल भी स्थापित हैं।

#### आने वाली है एक और लिस्ट

नपा सचिव संदीप गर्ग ने बताया था कि खसरा नंबर 637, 639, 640 आदि में 12 एकड़ में 272 पीआईडी रद्द की गई है इस बारे भिवानी वक्फ बोर्ड की रिक्वेस्ट आई थी जिसके कारण इसे रद्द किया गया है। वक्फ बोर्ड की एक लिस्ट और आने वाली है इसमें कितनी पीआईडी है वो लिस्ट आने पश्चात ही पता चल पाएगा।

# हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड कर्मचारी संगठन ने मांगों को लेकर सरकार को घेरा

- केंद्र और राज्य सरकार कर्मचारियों के प्रति बदले रवैया , नहीं तो उग्र होगा आंदोलन : सत्यवीर स्वामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड कर्मचारी संगठन-1016 (संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा) की कार्यकारिणी की एक अहम बैठक शुक्रवार को स्थानीय शिक्षा बोर्ड मुख्यालय स्थित संगठन कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान सत्यवीर स्वामी ने की तथा संचालन महासचिव सोमवीर सिंह पूनिया ने किया। बैठक में कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं, सरकारी नीतियों के विरोध और आगामी आंदोलन की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक का एक मुख्य मुद्दा बोर्ड सचिव का वह बयान रहा, जिसमें उत्तरपुस्तिकाओं की छपाई का जिक्र था। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि जैसे ही यह मामला उनके संज्ञान में आया, उन्होंने तुरंत बोर्ड सचिव से वार्ता की। संगठन के दबाव और बातचीत के बाद सचिव द्वारा यह आश्वासन दिया गया है कि कर्मचारियों की मांग के अनुरूप बिना क्यूआर कोड के ही उत्तरपुस्तिकाएं मुद्रित करवाई जाएंगी। इसे संगठन की एक प्रारंभिक जीत के रूप में देखा जा रहा है। महासचिव सोमवीर सिंह पूनिया ने केंद्र सरकार की नीतियों पर कड़ा प्रहार किया।

---

डीईओ ने की सराहना, प्रेमनगर की शिक्षा समिति और विद्यालय का सफल सहयोग

# शिक्षा समिति ने बदली प्रेमनगर के सरकारी स्कूल की सूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

यदि हम बात करें कि समुदाय और विद्यालय एक-दूसरे के पूरक है और आपसी सहयोग पर ही दोनों की उन्नति संभव है। यह बात ग्राम शिक्षा समिति प्रेमनगर और प्रेमनगर के सरकारी स्कूल पर फिट बैठती है। जहां गांव प्रेमनगर की शिक्षा समिति ने लाखों रूपए खर्च करके ना केवल गांव के हाई स्कूल में अनेक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई, वही दूसरी तरफ गांव के हाई स्कूल के अध्यापकों ने पढ़ो और पढ़ाओ का मूलमंत्र लेकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का प्रयास कर रहे है। जिसकी बदौलत गांव में स्थित राजकीय उच्च विद्यालय जिले के अच्छे विद्यालयों में शुमार है। बीते दिनों जिला शिक्षा अधिकारी डा. निर्मल दहिया और खंड शिक्षा अधिकारी भिवानी डा. अनिल गौड ने गांव के हाई स्कूल का दौरा किया और शिक्षा समिति के प्रयासों की जमकर सराहना की। दरअसल गत वर्ष गांव के युवा सरपंच राजेश कुमार ने गांव के सरकारी स्कूलों की दशा सुधारने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का बीड़ा उठाया और इसके लिए जोगेंद्र सिंह की अध्यक्षता में ग्राम शिक्षा समिति का गठन किया।



भिवानी। जलभराव की वजह से बदहाल हुए स्कूल को शिक्षा समिति द्वारा संवारा गया व बच्चों को सम्मानित करती जिला शिक्षा अधिकारी।

#### क्या कहते हैं अधिकारी

जिला शिक्षा अधिकारी डा. निर्मल दहिया ने कहा कि मैने बीते दिनों राजकीय उच्च विद्यालय प्रेमनगर का दौरा किया था। शिक्षा समिति प्रेमनगर ने गांव में हाई स्कूल का जो सौंदर्यकरण किया है, वह सराहनीय है। शिक्षा समिति प्रेमनगर और स्कूल स्टाफ द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए कठिन परिश्रम करने का आश्वासन दिया गया है, इसके लिए उन्हे शुभकामनाएं।

#### ये कार्य भी कर रही है शिक्षा समिति

शिक्षा समिति प्रेमनगर गांव के सरकारी स्कूलों की दशा सुधारने में इनके सौंदर्यकरण, इन्वर्टर-बेटरी, पंखों, इनकी लघु मुरम्मतों के साथ-साथ गांव में प्रत्येक रविवार को स्वच्छता अभियान चलाने, समय-समय पर नशे के खिलाफ ग्रामीणों को जागरूक करने, पौधारोपण करने, पर्यावरण व जल संरक्षण, यातायात नियमों की विद्यार्थियों को जानकारी देने इत्यादि सराहनीय कार्य कर रही है।

#### क्या कहते हैं सरपंच राजेश कुमार

सरपंच राजेश कुमार ने कहा कि ग्राम पंचायत और ग्राम शिक्षा समिति प्रेमनगर गांव के सरकारी स्कूलों की दशा सुधारने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बारे हर संभव प्रयास कर रही है। हाई स्कूल में 45 लाख रूपये की लागत से इसके प्रांगण को इंटरलॉकिंग किया जा चुका है और समिति द्वारा छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास बारे काफी कदम उठाए गए हैं।

### मोर्चा घर-घर जाकर जानेंगा बाढ़ पीड़ितों की तकलीफ

**भिवानी।** सरकार से गुहार लगाने के बावजूद पीड़ितों की आवाज किसी नहीं सुनी। अब बाढ़ पीडितों की दुख तकलीफें जानने के लिए हरियाणा जागृति मोर्चा ने कमर कस ली है। मोर्चा जिन गांवों में बारिश के वक्त जलभराव हुआ था और खेतों में फसलें तबाह व क्षतिग्रस्त मकानों की जानकारी घर घर जाकर एकत्रित करेंगे। अभियान पूरा होने के बाद वे बवानीखेड़ा तहसीलदार के माध्यम से सरकार को मांगपत्र भेजेंगे। हरियाणा जागृति मोर्चा के अध्यक्ष राजेश सिंधू ने कहा कि अगर उसके बाद भी सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी तो वे फिर लोगों के साथ मिलकर अनिश्चिकालीन आंदोलन का ऐलान करेंगे। हरियाणा जागृति मोर्चा के अध्यक्ष राजेश सिंधू आज कस्बा बवानीखेड़ा के मुख्य डेरा बाबा जरनानाथ के डेरे के सामने बड़े गौरवे में लोगों को संबोधित कर रहे थे।